# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

**श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 29.08.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

### 1-अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-



अवगत कराना है आज दिनांक 29.08.2023 को उ0नि0 श्री सुभाषचन्द थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी मनोज सैनी पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी उमरी चौराहा थाना कांठ,मुरादाबाद को 13 पाउच नाईट किंग मार्का व दो पाउच गोल्डेने पन्च मार्का देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर मु0अ0सं0-302/2023 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### 2-अवैध 10 लीटर शराब सहित आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-



अवगत कराना है आज दिनांक 29.08.2023 को उ0नि0 श्री यशवीर सिंह थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी परवेज पुत्र रहीश निवासी मौ0 पट्टीवाला कस्बा व थाना कांठ,मुरादाबाद को मय 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर मु0अ0सं0-303/2023 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### 3-एक राय होकर जान से मारने की नियत से हमला करने का एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-



अवगत कराना है आज दिनांक 16.04.2023 को वादी श्री राम सिंह पुत्र हरकेश सिंह निवासी ग्राम हीरापुर, थाना काँठ,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नियत से गर्दन पर धार-दार हथियारों से वार करने,जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने आदि के संबंध में थाना कांठ तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-142/23 धारा 147/307/323/504/506/324 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 29.08.2023 को उ0नि0 श्री मदनपाल राणा थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त सचिन पुत्र संतराम नि0 ग्राम हीरापुर थाना कांठ,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

### 4-पिकअप में पशुओं को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाते 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-





अवगत कराना है दिनांक 28.08.2023 की रात्रि को उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्तगण 1. मौ0 वजुल पुत्र शफीक निवासी ग्राम हरीचन्दपुर थाना नांगल,बिजनौर 2. बिलाल पुत्र महबूब निवासी ग्राम भागूवाला थाना मडावली,बिजनौर को महिन्द्रा पिकअप नं0 यूपी 20 एटी 7067 में क्रूरतापूर्वक 03 भैंस व एक कटड़ा सहित ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर मु0अ0सं0-301/2023 धारा-11 पशु क्रुरता अधि0 पंजीकृत किया गया।

**5-ई-रिक्शा के बैटरे चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-**

अवगत कराना है दिनांक 25.06.2023 को वादी मुनासिर पुत्र आविद निवासी मेंहलपुर थाना सिविल लाइन,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की ई-रिक्शा के बैटरी व अन्य सामान चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना गलशहीद पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0-103/2023 धारा-379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध



में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 29.08.2023 को उ0नि0 श्री चमन सिंह थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त अंकित सिंह पुत्र शेरसिंह निवासी लकडी फाजलपुर नया गांव थाना मझौला,मुरादाबाद को ई-रिक्शा से चोरी किये 02 बैटरों सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भादवि की वृद्धि की गई।

**6.-नशीले इंजेक्शनों के साथ तस्कर गिरफ्तार,थाना मझोलाः-**



अवगत कराना है आज दिनांक 29.08.2023 को उ0नि0 श्री मदन कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त अरविन्द सैनी पुत्र श्री श्यामलाल सैनी निवासी मो0 हनुमान नगर ऐ के टेलर वाली गली थाना मझोला,मुरादाबाद को मय कुल 74 नशीले इन्जैक्शन (18 इन्जैक्शन Bupine (Buprenorphine injuction), व 50 इन्जैक्शन Diazepam (Diazelab) व 06 इन्जैक्शन avil  कन्टैनिंग pheniramine maleat व कुल 10 सिरिन्ज) सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 644/23 धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।